दिल्ली (राजधानी) गाजियाबाद (उ.प्र.) एवं देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित
@manasvi_vani
www. manasvivani.com

# मनस्वी वाणी

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त




आपका विश्वास हमारी पहचान

वर्ष : 10 अंक : 277 पृष्ठ :06 मूल्य : 2 रु. गाजियाबाद, सोमवार, 02 मार्च, 2026 RNI No. UPHIN/2016/67940 manasvivani@gmail.com 8285002838




## न्यूज ब्रीफ

### खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, तीन यात्रियों की मौत, 31 घायल



उन्नाव । यूपी के उन्नाव जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ। दुर्घटना में तीन यात्रियों की जान चली गई जबकि 31 यात्री घायल हो गए। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं।

### युद्ध के बीच बढ़ गए पेट्रोल डीजल के दाम, सोने में लगी आग!



नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में तनाव ने पूरी दुनिया की इकोनॉमी को हिला दिया है .अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से दुनिया भर में तेल की सप्लाई चैन रुकने का खतरा बना हुआ है। ब्रेंट क्रूड ऑइल की कीमत सोमवार 2 मार्च को ओवर-द-काउंटर ट्रेडिंग में 13% उछलकर $82.37 प्रति बैरल पहुंच गई। दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 173240 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मुंबई में कीमत 173090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। एक सप्ताह में 24 कैरेट गोल्ड 9430 रुपये महंगा हुआ है। वहीं 22 कैरेट गोल्ड का भाव 8550 रुपये बढ़ा है।

## अमेरिका और ईरान युद्ध के बीच भारत में अलर्ट

# हिंसा की आशंका, चौकसी बढ़ाई गई

वरिष्ठ नेताओं के अलावा 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके

*ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद हो रहे भारत के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन*



**ईरान नहीं करेगा अमेरिका से बातचीत**

पीटीआई भाषा के अनुसार, एक शीर्ष ईरानी सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि वे वॉशिंगटन से बातचीत नहीं करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को संकेत दिया था कि वह ईरान के नए नेतृत्व से बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने पत्रिका 'द अटलांटिक' से कहा, 'वे बात करना चाहते हैं, मैंने बातचीत के लिए सहमति दे दी है, इसलिए मैं

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध को लेकर भारत सरकार अलर्ट मोड में है। खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों को ऐहतियात बरतने के लिए पत्र लिखा है। दरअसल, इसमें सांप्रदायिक हिंसा भड़कने की आशंका को लेकर सतर्क रहने की बात कही गई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बात भारत में कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए थे।

28 फरवरी को जारी पत्र में चेतावनी दी गई है कि विदेश में हो रहे घटनाक्रमों का असर घर में हो सकता है। इसमें खासतौर से धार्मिक आयोजनों में होने वाली बयानबाजी का जिक्र किया गया है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि खुफिया जानकारी को तेजी से साझा किया जाए और समय रहते कदम उठाए जाएं ताकि कानून-व्यवस्था न बिगड़े।

**एडवाइजरी में क्या कहा**

एडवाइजरी में गृह मंत्रालय ने कहा है कि भड़काऊ भाषण देने वाले ईरान समर्थक उपदेशकों की पहचान करने और नजर रखने के लिए कहा गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, दिल्ली में अधिकारी इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का फायदा उठाकर चरमपंथी तत्व स्थानीय स्तर पर तनाव बढ़ा सकते हैं। सरकार की तरफ से जारी एडवाइजरी में खासतौर से भाषण और बयानों का ध्यान रखने के लिए कहा गया है।

हालांकि, ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने 'एक्स' पर चेतावनी भरे लहजे में लिखा, 'हम अमेरिका से बातचीत नहीं करेंगे।' ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका-इजरायल ने रविवार को ईरान में कई जगहों पर जोरदार हमले किए तथा बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों पर बम गिराए और युद्धपोत भी तबाह कर दिए। ईरानी नेताओं के मुताबिक, इन हमलों की शुरूआत से अब तक खामेनेई और अन्य वरिष्ठ नेताओं के अलावा 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

बमबारी जारी रहने के साथ यह संघर्ष अमेरिका, इजरायल और ईरान से बाहर भी फैलने का खतरा पैदा हो गया। लेबनान के चरमपंथी संगठन हिजबुल्ला ने इजरायल पर हमलों का दावा किया, जिस पर इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की। खाड़ी देशों ने उनके अहम ठिकानों पर हुए हमलों में कम से कम पांच आम नागरिकों की मौत के बाद चेतावनी दी कि वे ईरान के खिलाफ जवाबी कदम उठा सकते हैं।

# हिंदी भवन में 5 से 8 मार्च तक होगा भक्तमाल कथा एवं संत समागम



- 10वें श्री भक्तमाल जयंती उत्सव में देशभर से संत करेंगे सहभागिता

**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संस्कार उपवन परिवार के तत्वावधान में 10वें श्री भक्तमाल जयंती उत्सव के अंतर्गत भक्तमाल कथा एवं संत समागम का आयोजन 5 से 8 मार्च तक हिंदी भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी।

कार्यक्रम संयोजक राम अवतार जिंदल ने बताया कि इस वर्ष भी देश के प्रतिष्ठित संतों का आगमन होगा। विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त मलूपीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज एवं संत इन्द्रेश उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पूज्य गुरुजी नवनीतप्रिय दास जी भक्तमाल की कथा अपने सुमधुर कंठ से प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा बाबा चित्र विचित्र, किशन दास (सिरसा), अजय यज्ञिक, कुंज बिहारी दास जी एवं महावीर शर्मा भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में अयोध्या, चित्रकूट और वृन्दावन सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों से संतों का आगमन होगा। इस आयोजन का सीधा प्रसारण संतवाणी चैनल पर भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अनिल सेनेटरी वाले, प्रदीप कुमार (साहिबाबाद), मनोज मित्तल, वेद प्रकाश बंसल, अनुराग गर्ग, ललित जायसवाल, अंशुल मित्तल एवं राजीव मोहन साठे सहित अन्य श्रद्धालु हैं। व्यवस्थापक मंडल में मुकेश कुमार, आशीष सिंघल, अतुल गुप्ता, नवीन कुमार, राजकुमार गुप्ता, मुकेश गोयल एवं सीमा गोयल सहित अन्य सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस चार दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के सान्निध्य का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# लड़कियों के लिए महिला ट्रेनर अनिवार्य: सीएम योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया है कि सभी जिम की जांच की जाए और यह सुनिश्चित हो कि वहां महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर की व्यवस्था हो। सीएम योगी रविवार को वाराणसी में सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। वाराणसी के पड़ोसी जिले में जिम की आड़ में लड़कियों के धर्मांतरण का बड़ा मामला सामने आया था। इसमें एक सिपाही समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कई जिमों में धर्मांतरण के खेल का खुलासा हुआ था।

## गाजियाबाद में होली पर्व की धूम, महिलाओं ने की विशेष पूजा-अर्चना



मनस्वी वाणी, संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद जनपद में होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ होलिका पूजन कर अपने परिवार की मंगलकामना की और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।




जिला प्रशासन गाजियाबाद ने जनपद के नागरिकों से की अपील

# ईरान-इराक में रह रहे गाजियाबाद के नागरिकों का दें विवरण

**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला प्रशासन गाजियाबाद ने ईरान और इराक क्षेत्र में चल रहे युद्ध एवं सुरक्षा-संघर्ष की गंभीर स्थिति को देखते हुए जनपद के नागरिकों से महत्वपूर्ण अपील जारी की है। प्रशासन ने कहा है कि ऐसे सभी नागरिकों का विवरण तत्काल उपलब्ध कराया जाए, जो वर्तमान में ईरान या इराक में निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए, किसी कारणवश वहां फंसे हुए हैं अथवा हाल ही में भारत लौटे हैं।


प्रशासन के अनुसार, इस जानकारी का उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में समयबद्ध सहायता प्रदान करने के लिए यह विवरण अत्यंत आवश्यक है।

जिला प्रशासन ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार, रिश्तेदारी या परिचितों में कोई व्यक्ति ईरान या इराक में मौजूद है, तो उसका पूरा विवरण निर्धारित प्रारूप में संबंधित तहसील कार्यालय, उपजिलाधिकारी कार्यालय या जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराएं। इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री सौरभ भट्ट के मोबाइल नंबर 8528180592 तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ श्री वैभव पाण्डेय के मोबाइल नंबर 8127652559 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने कहा है कि यह सूचना जनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से जारी की गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित नागरिकों को शीघ्र सहायता प्रदान की जा सके।

कार्रवाई

## यूट्यूबर सलीम पर हमले का था आरोपी

# लोनी में पुलिस मुठभेड़: एक लाख का इनामी जीशान ढेर



यूट्यूबर सलीम






**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस की देहात स्वाट टीम और लोनी पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश जीशान ढेर हो गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मारा गया आरोपी मशहूर यूट्यूबर सलीम वास्तविक पर हुए जानलेवा चाकू हमले का मुख्य आरोपी था। इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने बताया कि बीते शुक्रवार को लोनी थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों ने यूट्यूबर सलीम वास्तविक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सलीम का इलाज दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

रविवार देर रात एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के नेतृत्व में देहात स्वाट और लोनी पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान एक लाख रुपये के इनामी जीशान के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, जीशान और उसके साथी ने शुक्रवार सुबह सलीम वास्तविक पर चाकू से हमला किया था। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से दोनों की पहचान की गई थी। दोनों आरोपी खोड़ा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। बताया जाता है कि सलीम वास्तविक एक चर्चित यूट्यूबर है, जिसने हाल ही में धर्म परिवर्तन कर सनातन धर्म अपनाया था। इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने विरोध दर्ज कराया था। डासना देवी मंदिर के महंत नरसिंहानंद और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी घटना की कड़ी निंदा की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुरादनगर पुलिस ने किया फर्जी क्राइम ब्रांच बनकर
# 35 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

मनस्वी वाणी संवाददाता



**मुरादनगर।** थाना मुरादनगर पुलिस और स्वाट ग्रामीण जोन की टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है जहाँ डीसीपी ग्रामीण और एसीपी मसूरी लिपि नगायच के नेतृत्व में पुलिस ने फर्जी क्राइम ब्रांच बनकर ठगी करने वाले एक शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है। इस गिरोह ने जमीन के एग्रीमेंट के नाम पर एक व्यक्ति से फिल्मी अंदाज में 35 लाख रुपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले का सफल अनावरण करते हुए दो मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 10 लाख 30 हजार रुपये की नकदी और घटना में इस्तेमाल की गई क्रेटा कार भी बरामद कर ली गई है। ठगी की यह घटना बीती 22 फरवरी को हुई थी, पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई कि फुरकान नाम के व्यक्ति ने उसे जमीन के एग्रीमेंट के बहाने मोदीनगर बुलाया और फिर अपनी क्रेटा गाड़ी में बिठा लिया। जब पीड़ित 35 लाख रुपये लेकर गाड़ी में बैठा तभी रास्ते में एक स्कॉर्पियो कार में सवार कुछ युवकों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर गाड़ी रुकवा ली। इन फर्जी अधिकारियों ने पीड़ित को डरा-धमका कर अपनी गाड़ी में बिठा लिया और उसे दुहाई की तरफ ले जाकर रास्ते में छोड़ दिया जबकि रुपयों से भरा बैग फुरकान की गाड़ी में ही रह गया था।?मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एडीसीपी ग्रामीण और एसीपी मसूरी लिपि नगायच के कुशल निर्देशन में चार पुलिस टीमों का गठन किया गया जिन्होंने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से दो अभियुक्तों फुरकान और विनोद चौहान को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने खुलासे के दौरान बताया कि इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड फुरकान ही था जिसने अपने साथी राम विलास और विनोद के साथ मिलकर लूट की यह पटकथा रची थी। पूछताछ में सामने आया कि राम विलास ने ही फर्जी पुलिसकर्मी बनने के लिए अन्य लड़कों और स्कॉर्पियो गाड़ी का इंतजाम किया था।

पुलिस टीम ने अभियुक्तों के पास से ठगी गई रकम में से 10 लाख 30 हजार रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई क्रेटा कार बरामद कर ली है। जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार किया गया फुरकान एक शातिर अपराधी है जिस पर पहले से ही करीब 8 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस की टीमें गिरोह के फरार सदस्यों और बाकी की रकम बरामद करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही हैं और पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।



## डीएम ने की हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की बैठक

मनस्वी वाणी संवाददाता

**बुलंदशहर।** होली पर्व, रमजान, ईद, नवरात्रि के पर्व को शान्तिपूर्वक, निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में डीएम श्रुति की अध्यक्षता में हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों समुदाय के संभ्रान्त लोगों द्वारा त्यौहार में प्रशासन की ओर से करायी जाने वाली व्यवस्थाओं एवं अन्य बिन्दुओं के बारे में अवगत कराया गया। होली का पर्व आपसी भाईचारे का त्यौहार हैं, इसलिए सभी मिल जुलकर एक दूसरे के पर्व को मनायें। जनपद बुलन्दशहर में गंगा-जमुनी तहजीब की जो मिशाल पेश की गई है उसे बनाये रखा जाये। आपसी सौहार्द को किसी कीमत पर बिगड़ने नहीं दे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार मनाते समय इस बात का ध्यान रखे कि किसी दूसरे को हमारी वजह से परेशानी न हो।

सिकन्द्राबाद तहसील के अन्तर्गत गांव पचौता में होली के मौके पर लगने वाले मेले में सभी व्यवस्थाओं को कराया जाये। निर्देशित किया गया कि मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुए व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निकाय आदि संबंधित विभागों के कर्मचारियों की रोस्टर बनाकर ड्यूटी लगाई जाये। आबकारी विभाग को सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाये।

## संक्षिप्त

### महामाया मंदिर को भव्य रूप देने में खर्च होगा 25 करोड़

**मोदीनगर(मनस्वी वाणी)।** लंबे समय से चल रही मंदिर की आय का 25 करोड़ रुपया मंदिर परिसर में ही व्यय करने की मांग पर शनिवार को विराम लग गया हैं। यह रुपया सीकरी महामाया मंदिर को भव्य रूप देने में खर्च किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक वर्ष लगने वाला उत्तर भारत का प्रसिद्ध सीकरी महामाया देवी मेला भी शामिल है। विकास से संबंधित प्रस्ताव और खर्च पर ध्यान रखने के लिए 21 लोगों की कमेटी का गठन किया गया है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार को सीकरी महामाया देवी मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एमपी सिंह और संचालन राहुल प्रधान ने किया। बैठक में बताया कि मंदिर की आय का 25 करोड़ रुपया लंबे समय से मंदिर परिसर में खर्च नहीं हो सका है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि यह 25 करोड़ रुपया मंदिर के सौंदर्यकरण और भव्य रूप देने में व्यय किया जाएगा। प्रत्येक होने वाले खर्च के लिए 21 लोगों की निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विनोद वैशाली, एसीपी मोदीनगर भाष्कर वर्मा, पूर्व जिपं सदस्य डॉ. बबली गुर्जर, निर्दोष खटाना, विकल प्रधान, बीरसिंह, हरबीर सिंह, तिलकराज, नीरज प्रजापति, अशोक आदि मौजूद रहे।

### ईयर फोन लगाकर ट्रैक पार कर रहे युवक आया वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में,मौत

**मोदीनगर(मनस्वी वाणी)।** नराज चौपला स्थित रेलवे फाटक के पास शनिवार सुबह ईयरफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पार कर रह एक युवक को वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। जिस कारण युवक के चीथडे उड़ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर रेलवे फाटक के पास शनिवार को सवा ग्यारह बजे एक युवक रेलवे फाटक ट्रैक पार कर रहा था। जब वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था तो मेरठ की ओर से आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। आसपास के लोगो ने इसक सूचना पुलिस को दी। थोड़ी देर ही में मृतक की शिनाख्त 22 वर्षीय अतुल कुमार निवासी गांव कनकपुर के रुप में हुई। परिजनों ने बताया कि युवक अपनी बुआ के यहां से आ रहा था। वह गांव जाने के लिए बस पकड़ने के लिए हापुड़ रोड की ओर जा रहा था। जिस समय वह रेलवे ट्रैक पार रहा था तो वहां पर मौजूद लोगों ने उसे काफी आवाज लगाई,लेकिन उसने नहीं सुनी और हादसा हो गया। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### महिला की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर।** नगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी में महिला की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में नया मोड़ आया है। पति की पिटाई से आहत होकर महिला ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने पति व सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की चुन्ना भट्टी कॉलोनी में गत 24 फरवरी की रात को महिला कविता ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया था। मृतका की मां मुलतानीपुरा कॉलोनी निवासी मुनेश का आरोप है कि पति आए दिन कविता के साथ मारपीट करता था। 24 फरवरी को बेरहमी से पीटा गया। इस से आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा न बताया कि पति दीपक व सास उषा निवासी चुन्ना भट्टी कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### कार सवार भाईयों को पीटा ,केस दर्ज

**मोदीनगर।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर साई मंदिर के सामने रोडरेज के चलते कार सवार भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव चुड़ियाला निवासी मोहित कुमार शनिवार रात को दूध देने के लिए कार से अपने भाई के साथ मोदीनगर आए थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर साई मंदिर के सामने पहुंचे तो दूसरी कार ने टक्कर मार दी। इस बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि कार सवार युवकों ने मोहित व उसके भाई की पिटाई कर दी। इतना पीटा कि दोनों बेहोश हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर हुए हादसे में एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक के साले ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गौतमबुद्धनगर के कस्बा दादरी के रहने वाले सलमान सैफी बाइक द्वारा कच्ची सराय कालोनी स्थित अपनी ससुराल में मिलने के आए थे। रात को वापसी के दौरान रावली मार्ग के निकट उनकी बाइक मेरठ की ओर से आते एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। हादसे में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। इस बीच वाहन चालक मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उसकी गंभीर हालत के चलते उसे गाजियाबाद के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान हालत बिगड़ने से युवक की मौत हो गई। मृतक के साले अमीन सैफी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला को पीटा,केस दर्ज

**मोदीनगर।** सिखैड़ा मार्ग पर खेत पर काम करने के दौरान विधवा महिला की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की शिवपुरी कॉलोनी निवासी अनु के पति की मौत हो चुकी है। महिला की सिखैड़ा रोड पर कृषि भूमि है। महिला अपने बच्चे के साथ खेत पर काम करने के लिए गई थी। आरोप है कि इसी बीच ससुर व देवर आ गए और मारपीट करने लगे। इतना पीटा कि महिला बेहोश हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोहनवीर,कुलदीप सहित अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बंदरों की मौत के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी न पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त की

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र अनूपशहर बुलंदशहर रोड डूंगरा जोगी एवं सुनाई के खेतों पर किसी अराजक एवं अज्ञात लोगों द्वारा खाद्य सामग्री में कुछ मिला देने से बंदरों की मृत्यु हो जाने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा मौके पर पहुंचे समाजसेवियों जनप्रतिनिधियों में क्षेत्र के लोगों द्वारा पुलिस व ब्लॉक के अधिकारियों को सूचना देकर मृतक बंदरों की मृत्यु पर रोष प्रकट किया सूचना पाकर पहुंची थाना पुलिस व ब्लाक के सहायक खंड विकास अधिकारी क्षेत्र के लोगों द्वारा बंदरों की मृत्यु पर रोष प्रकट कर अज्ञात व अराजक तत्वों कि जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए काफी देरी तक तहसील अनूपशहर के किसी प्रशासनिक अधिकारी के मौके पर न पहुंचने पर गौ रक्षा सेवा समिति के संयोजक कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा उप जिला अधिकारी अनूपशहर प्रियंका गोयल एवं तहसीलदार अनुपशहर संजय कुमार को फोन पर शिकायत किया तो फोन ना उठने पर उनके द्वारा नाराजगी प्रकट कर संवेदनशील घटना के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों के न पहुंचने पर आक्रोश प्रकट कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संकेत-2026 का आयोजन

मनस्वी वाणी संवाददाता



**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संकेत-2026 का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं प्रतिभा के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस महोत्सव ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया।

दो दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं फैशन के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में कलाकृति, रेप बेटल, सारेगामापा, नुक्कड़ नाटक, बेटल ऑफ बेंडस, डांस मानिया, एवं फेशन शो शामिल रहे। प्रतिभागियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों एवं आकर्षक परिधान संयोजन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री हर्ष मल्होत्रा (राज्यमंत्री, कार्य मंत्रालय एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विजेताओं की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से अखिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शैली अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव, विमल कुमार शर्मा, अजय कुमार यादव, पीएस. साहनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## आईएएमआर में उमड़ा उत्साह का संगम



मनस्वी वाणी संवाददाता

**गाजियाबाद।** आईएएमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में आज आस्था, अध्यात्म और उत्सव का एक अनूठा संगम देखने को मिला। संस्थान द्वारा आयोजित 'रंग, संस्कृति और भक्ति' समारोह में जहाँ एक ओर 'सुंदर कांड' के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो गया, वहीं दूसरी ओर होली के पावन पर्व पर आपसी प्रेम के रंगों की अनूठी छटा बिखरी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आयोजित सुंदर कांड का संगीतमय पाठ रहा। ढोलक और झांझ की थाप पर जब हनुमान चालीसा और सुंदर कांड की चौपाइयां गूँजीं, तो पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। संस्थान के समस्त स्टाफ और गणमान्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

इससे पूर्व सुबह के सत्र में शिक्षकों और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया। जिसमें फूलों और गुलाल के साथ मयार्दापूर्ण तरीके से उत्सव मनाया गया। इस दौरान संस्थान के संकाय सदस्यों ने पारंपरिक गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी, जो भारतीय संस्कृति की जीवंतता को दशार्ती है।

आईएएमआर समूह की चेयरपर्सन अंशु बंसल ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि दिलों के जुड़ाव का उत्सव है। जब हम अपनी खुशियों की शुरूआत ईश्वरीय वंदना से करते हैं, तो वह आनंद दोगुना हो जाता है। आईएएमआर परिवार सदैव अपनी जड़ों और संस्कारों को सहेजने में विश्वास रखता है।

ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी.के. वशिष्ठ ने कहा कि श्एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में हमारा दायित्व केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी है। शिक्षा और संस्कृति एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

## त्योहारों को लेकर थाना मसूरी पुलिस अलर्ट



**गाजियाबाद(म.व)।** डीसीपी देहात के निर्देश पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर रखते हुए एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। रविवार को थाना मसूरी क्षेत्र में एसएचओ अजय चौधरी के नेतृत्व में समस्त पुलिस टीम द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ व्यापक स्तर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान पुलिस बल ने बाजारों, मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान मसूरी पुलिस ने क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया तथा उन्हें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। एडीसीपी/एसीपी लिपि नगायच ने कहाकि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## करणी सेना का 7वां स्थापना दिवस समापन समारोह संपन्न



**गाज़ियाबाद(मनस्वी वाणी)।** करणी सेना के 7वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समापन समारोह भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए। प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा, जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप सिंघल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक रामकुमार तोमर, संगठन महामंत्री निशित रावल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मोहित राज, दिनेश शर्मा, महानगर व्यापार अध्यक्ष विवेक गर्ग, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह खाती, मीडिया प्रभारी शुभम तोमर सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन रीना चौहान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिखा चौहान,जिला अध्यक्ष नीता शर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## आईटीएस कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन
### विजेताओं को प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित

मनस्वी वाणी संवाददाता



**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड स्थित आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया।इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति थी, जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को बढावा देना एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।

इस अवसर पर आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में रंगोली निर्माण, पोस्टर निर्माण, लघु फिल्म निर्माण सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान में महिलाओं के योगदान, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा समाज में विज्ञान की उपयोगिता को आकर्षक और सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ0 एम0 थंगराज ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत रहने तथा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है।

## पुलिस ने होली व रमजान को लेकर मुरादनगर क्षेत्र में किया पैदल मार्च



मनस्वी वाणी संवाददाता

**मुरादनगर।** नगर समेत कई गांव में होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना था। मुरादनगर थाना प्रभारी अंकित कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च शहर के ओलंपिक तिराहा से शुरू हुआ जो मेंन बाजार सराफा बाजार रावली रोड कस्बा रोड सहित अन्य स्थानों पर होता हुआ कई गांव में भी फ्लैग मार्च किया गया।

फ्लैग मार्च के दौरान मुरादनगर थाना प्रभारी अंकित कुमार ने गांव वासियों और शहर वासियों को त्योहार मिलजुलकर और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान समस्त पुलिस चौकी प्रभारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## वेस्ट व्यू में ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह संपन्न



मनस्वी वाणी संवाददाता

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन बेस्ट व्यू परिसर में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह ने की। इस अवसर पर संरक्षक संजय सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार तनेजा, उपाध्यक्ष समर चौधरी, महासचिव पवन कौशिक, श्याम नाथ शर्मा, पार्षद विनीत एवं अमरजीत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर भी चर्चा की। मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा नें कहा कि होली जैसे पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट क्षेत्र शहर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार इस वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि एसोसिएशन हमेशा ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करता रहेगा।

+91-9560985267, 8076087429, 9310368676
Samrat & Sons
All Type Of Bookcase, Almirah, Sofa Dressing, Bed & All Furniture

SOFA REPAIRING, MOUDULAR KITCHIN, WALL FIXING, ALMIRAH, BED, AND ALL INTERIO WORK
Add.:- A-57, R.K. Puram, H-G Block, Govindpuram, Ghaziabad

# विधायक संजीव शर्मा के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

















मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा द्वारा जानकी भवन, घंटाघर रामलीला ग्राउंड में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। पूरा परिसर रंग, उमंग और भाईचारे की भावना से सराबोर दिखाई दिया। आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और लोगों ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सांसद अतुल गर्ग, दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी महाराज, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, दर्जा प्राप्त मंत्री विकास गुप्ता, पूर्व महापौर आशु वर्मा सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापार मंडलों के पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, अरविंद भारतीय, पवन गोयल, बलदेव राज शर्मा, विजय मोहन, राजीव त्यागी, रामावतार जिंदल, संजीव गुप्ता, अनिल गर्ग, सरदार एसपी सिंह, इंद्रजीत टीटू, रेखा चौधरी, अरुण चौधरी और संजय कश्यप सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी तथा गाजियाबाद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति विधायक के प्रति लोगों के विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से संवाद को मजबूत किया जाता रहेगा। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंगों के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की और इसे




मनस्वी वाणी

## तीसरी नजर

- एम.जे. चौधरी



### डीसीपी ट्रैफिक की शानदार पहल, कमिश्नरेट के थानों से बनाई एंटी सड़क हादसा टीम

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिसके अंतर्गत पुलिस प्रशासन के अलावा जिला प्रशासन को भी लगातार दिशा निर्देश देने का कार्य किया जा रहे हैं। इसी बीच ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क हादसों की रोकथाम के लिए अभियान भी चलाया गया और लोगों को जागरूक करने का भी कार्य किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि दिल्ली से कमिश्नरेट के डीसीपी ट्रैफिक ने एक अच्छी पहल करते हुए सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए समस्त थानो टीम का गठन किया है। तेजतर्रार दरोगाओं को इस काम के लिए चुना और अब एक सब इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी द्वारा सड़क हादसे को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है । किसी भी थाना क्षेत्र में अगर सड़क हादसे होते हैं तो उसे थाना क्षेत्र में प्रभारी उस मामले का संज्ञान लेगा और जगह-जगह इस चीज पर ध्यान भी देगा, यानी कि कहीं ना कहीं थाना या चौकी क्षेत्र में घटने वाली घटना पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इसकी बाकायदा मॉनिटरिंग ट्रैफिक विभाग के डीसीपी और एसीपी लेवल के अधिकारी करते हुए नजर आ रहे हैं। क्योंकि कमिश्नरेट में जहां ट्रैफिक को तीन भागों में बांटा गया है। वही एसीपी ट्रैफिक टीआई सहित अब थाने में मौजूद सब इंस्पेक्टर भी सड़क हादसों पर विशेष रुप से ध्यान देंगे। माना जा रहा है और सड़क हादसों को लेकर बेहतर व्यवस्था भी की जा रही है । जिससे कि सड़क हादसों में होने वाली मौत से लोगों को बचाया जा सके। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने के लिए एडिशनल पुलिस कमिश्नर यातायात द्वारा प्रत्येक मीटिंग के जरिए सड़क हादसों की रोकथाम के लिए कई तरह के निर्देश जारी किए हैं । भीड़भाड़ वाली जगह नेशनल हाईवे और जाम पॉइंट जैसी जगह पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है और वहां सड़क हादसा होने पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी, प्रभारी को सूचित करेंगे। सड़क हादसों में काफी कमी भी देखने को मिल रही है, यानी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को इस जिम्मेदारी से मुक्त रखा गया है। फिलहाल ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों की इस पहल को अच्छी मानी जा रही है।

# आईएमएस गाजियाबाद में मार्कफेस्ट 2026 का भव्य आयोजन




मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।**आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 19वें इंटर-इंस्टीट्यूशनल मार्केटिंग कार्निवल मार्कफेस्ट 2026 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीए (डॉ.) राकेश छारिया (महासचिव, आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस), संस्थान की निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर मुख्य अतिथि विशाल सिंह (वीपी-एजेंसी एवं एडवरटाइजर पार्टनरशिप्स,ग्लोबल मीडिया), विशिष्ठ अतिथि आरजे राहुल माकिन (प्रोग्रामिंग हेड, पंजाबी फीवरझ्रफीवर एफएम) एवं डॉ. स्वर्णलिपि सहा (विभागाध्यक्ष, डिपॉर्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। यह आयोजन नवाचार, रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का सशक्त मंच साबित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संस्थान की निदेशक डॉ. जसकिरण कौर ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि, ह्लमार्केटिंग केवल उत्पाद बेचने की कला नहीं, बल्कि विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता है। मार्कफेस्ट विद्यार्थियों को नेतृत्व, नवाचार और टीमवर्क की वास्तविक सीख देता है।

यदि युवा सृजनात्मक सोच और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़े, तो वह उद्योग जगत में नई दिशा स्थापित कर सकता है। मार्कफेस्ट के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए छह प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप, हाटोपिया (फूड, डेजर्ट्स एवं हैंडीक्राफ्ट स्टॉल्स), रीलिफाई (एआई आधारित विज्ञापन निर्माण), बॉलीवुड फंडा (ब्रांड प्रस्तुतीकरण) तथा फैशन फ्यूजन (सस्टेनेबिलिटी आधारित ब्रांड प्रस्तुतीकरण) शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ सांस्कृतिक उत्सव वैजी टेल्स फ्रॉम सुपरमार्केट

मनस्वी वाणी, संवाददाता

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल' में शनिवार, 28 फरवरी 2026 को हेल्दी प्लेनेट (अर्ली इयर्स) का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री-नर्सरी, नर्सरी एवं के.जी. के कुल 303 नन्हे छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह तीन पारियों में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सारिका जैन एवं डॉ. सुभाष जैन रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंग्रेजी नाटक ह्यवैजी टेल्स फ्रॉम सुपरमार्केटह्ल रहा, जिसकी रोचक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नाटक की ह्यमेकिंगह्ल की झलक दिखाकर किया गया, जिससे अभिभावकों को बच्चों की तैयारी और परिश्रम का अनुभव हुआ। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हेड सुश्री सुजैन होम्स ने अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे समारोह सामूहिक प्रयासों का परिणाम होते हैं और विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।नाटक दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सब्जियों पर आधारित था, जिसके माध्यम से बच्चों ने स्वास्थ्य के लिए सब्जियों के महत्व को सरल और मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया। संवाद, अभिनय और नृत्य से सजी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा नवमी के छात्रों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अरुणाभ सिंह ने छात्रों के आत्मविश्वास एवं प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह के अंत में अर्ली इयर्स की प्रधानाचार्या सुश्री पारुल सिंधवानी ने अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं के सहयोग को बच्चों के विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि ये नन्हे छात्र भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों के कर्णधार बनेंगे, इसलिए उनका सही मार्गदर्शन हम सभी की जिम्मेदारी है।

सम्पादकीय — मनस्वी वाणी

# अंधविश्वास की बलि चढ़ती मानवता, जादू-टोने के नाम पर हिंसा और कानून की लाचारी

आधुनिक दौर में विज्ञान और तकनीक की मदद से पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक प्रगति के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मगर समाज का एक हिस्सा अब भी अंधविश्वास के अंधकार से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस तरह की सोच जहां व्यक्तिगत जीवन में परेशानियों के द्वार खुले रखती है, वहीं कई बार यह हिंसा का कारण भी बनती है।

खासकर जादू-टोने के अंधविश्वास में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर निर्दोष लोगों की हत्या कर देने या सार्वजनिक तौर पर किसी को अपमानित करने या फिर भीड़ हिंसा में किसी की बेरहमी से पिटाई करना आम बात हो गई है।

यों तो देश के कई हिस्सों से डायन बता कर महिलाओं की हत्या के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान झारखंड में ऐसी लगातार कई घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में झारखंड के गुमला में जादू-टोना करने के संदेह में एक महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई।



सवाल है कि इस तरह के अंधविश्वास को खत्म करने और इससे जुड़ी हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं हो पा रहे हैं? इसमें दोराय नहीं कि चाहे गांव हो, या शहर हर जगह समाज के एक हिस्से में अंधविश्वास की छाया नजर आती है।

आज जब देश और दुनिया विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में कोसों आगे निकल गए हैं, तब महज अंधविश्वास की वजह से किसी के बीमार होने पर चिकित्सीय इलाज कराने के बजाय जादू-टोने का सहारा लेना किस तरह की सोच को दशार्ता है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकास के तमाम दावों के बीच देश में सामाजिक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से अब तक गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार एवं प्रसार को प्रोत्साहित करने का दायित्व सरकार और समाज सभी पर है।

हालांकि, कुछ राज्यों में अंधविश्वास से जुड़े अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उन पर कड़ाई से अमल और लोगों में जागरूकता पैदा करने से ही इस समस्या का समाधान संभव हो सकता है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के राज्यसभा का चुनाव लड़ने की चर्चा तेज है। इस चर्चा के बीच ही आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई है। बिहार में राज्यसभा की कुल पांच सीटों के लिए 5 मार्च को चुनाव होगा।

# कहीं फूल कहीं चिता की राख कहीं लट्ठ से खिलती होली!



**मनोज अग्रवाल**
लेखक




समूचे देश समेत विशेषकर उत्तर भारत में मनाया जाने वाला होली पर्व आस्था विश्वास ऋतु परिवर्तन और सामाजिक एकता का लोकपर्व है। होली के दिन समूचा समाज सवर्ण असवर्ण गरीब अमीर सबल निर्बल राजा प्रजा ऊंच नीच के दायरे से बाहर आकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर सामाजिक समरसता व सौहार्द का सूत्रपात करता है यह लोकपर्व इतना सजीव व सामाजिक वैज्ञानिक आधार से जुड़ा है कि इस की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती है। इस लोकपर्व के संबंध में प्रहलाद और होलिका की कथा सबसे ज्यादा प्रचलित है। पुराने समय में हिरण्यकश्यपु का पुत्र प्रहलाद विष्णु जी का परम भक्त था। ये बात हिरण्यकश्यपु को पसंद नहीं थी। इस वजह से वह प्रहलाद को मारना चाहता था। असुर राज हिरण्यकश्यपु ने बहुत कोशिश की, लेकिन प्रहलाद को मार नहीं सका। तब असुरराज की बहन होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठ गई। होलिका जल गई ईश्वर भक्त प्रह्लाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। तभी से होली का पर्व मनाया जाता है।

होली के गीतों में वैसे भी गालियां पिरोई होती हैं. शब्दों का प्रयोग कुछ इस प्रकार किया गया होता है कि लोग उसे सुन कर मस्ती करते हैं और उन्हें भीतर तक गुदगुदी होती है. वाराणसी, मिथिलांचल, कुमाऊं, राजस्थान, हरियाणा में होली पर गाली की अनोखी परंरा है। होली एक ऐसा त्योहार है, जो रंगों की मस्ती के साथ-साथ गालियों और गुदगुदाते गीतों के लिए भी खूब जाना जाता है. इसीलिए इस त्योहार को सबसे अनूठा कहते हैं. साल भर लोगों को इसका इंतजार रहता है. लोग गालियों और गीतों के जरिए अपनी भड़ास निकालते हैं. जैसा प्रदेश, वैसे गीत और वैसी ही वहां की गालियां. बहुरंगी होली की ये छटा दुनिया भर में निराली है। काशी की परंपराएं इसलिए अनूठी हैं क्योंकि यहां होली पर गालियों का भी अपना एक अलग संस्कार देखने को मिलता है. दूसरे शहरों में गाली देने पर मार हो जाए, लेकिन यहां होली पर गालियां मनभावन लगती हैं।

पंजाब में सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा शुरू की गई यह होलीवीर रस से भरी होती है। इसमें निहंग सिख पारंपरिक पोशाक पहनकर तलवारबाजी और घुड़सवारी (गतका) का प्रदर्शन करते हैं।

पश्चिमी बंगाल व ओडिशा में यहाँ होली को डोल जात्रा के रूप में मनाया जाता हैजिसमें राधा-कृष्ण की मूर्तियों को झूलों (डोल) पर रखकर जुलूस निकाला जाता है और रंगों से पूजा की जाती है।

श्रीकृष्ण की जन्मभूमि मथुरा से करीब 50 किमी दूर बरसाना की होली बहुत खास होती है। बरसाना में कई दिनों तक लट्ठमार होली खेली जाती है। फाल्गुन पूर्णिमा से पहले ही लोग यहां होली खेलना शुरू कर देते हैं। पास के नंदगांव के पुरुष बरसाना आते हैं और बरसाना के पुरुष नंदगांव जाते हैं। इन गांवों की महिलाएं पुरुषों को लट्ठ मारती हैं और पुरुष ढाल से बचने की कोशिश करते हैं। ये होली देखने देश-विदेश से लाखों लोग यहां आते हैं।

मान्यता है कि मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण ने राधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इसी वजह से इन जगहों पर होली की अच्छी खासी धूम होती है। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण के भक्त बड़ी संख्या में होली खेलने पहुंचते हैं। यहां के मंदिरों में फूलों से होली खेली जाती है।बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली अवर्णनीय है।

बरसाना के राधा रानी मंदिर में लड्डू मार होली खेली जाती हैजहाँ एक-दूसरे पर लड्डू फेंके जाते हैं और उन्हें प्रसाद के रूप में खाया जाता है।

वाराणसी(काशी) के मणिकर्णिका घाट पर खेली जाने वाली होली विश्व प्रसिद्ध है। यहां शमशान की राख से होली खेली जाती है। मान्यता है कि शिव जी ने यहां अपने गणों के साथ चिता की राख से होली खेली थी। इसी मान्यता की वजह से आज भी शिव भक्त यहां मसाने की होली खेलते है। देश दुनिया में यह एकमात्र ऐसी होली है जिसमें चिता भस्म को रंग गुलाल की तरह इस्तेमाल करते हुए होली खेलते हैं।

एक ऐसी भी होली है जहां जलती होली की लपटों के बीच पंडा नंगे पांव निकल जाता है लेकिन खरोंच तक नहीं आती है। मथुरा से करीब 50 किमी दूर एक गांव है फालैन। इसे प्रहलाद का गांव भी कहते हैं। फालैन गांव की होली की खास बात ये है कि यहां जलती हुई होली के बीच में से एक पंडा चलकर गुजरता है। होली ऊंची-ऊंची लपटों से निकलने के बाद भी पंडे का बाल तक नहीं जलता है। ये चमत्कार देखने के लिए देश-दुनिया से काफी लोग यहां पहुंचते हैं।

उत्तराखंड में होली संगीत और गायन के साथ मनाई जाती हैजिसे 'बैठकी होली' कहा जाता हैजहाँ शास्त्रीय और पारंपरिक गीतों का गायन होता है।

केरल के कोंकणी और कुडुंबी समुदाय के लोग इस दिन रंगों के बजाय हल्दी (मंजल) मिले पानी का उपयोग करते हैंजो शुद्धिकरण का प्रतीक है

महाराष्ट्र और गोवा में यहाँ होली को रंग पंचमी या शिग्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है जो बसंत पंचमी से शुरू होता है

कर्नाटक के हम्पी की होली भी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। ये जगह यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल है। इस जगह का संबंध त्रेतायुग की वानर सेना से है। मान्यता है कि सुग्रीव अपनी वानर सेना के साथ इसी क्षेत्र में रहते थे। यहां होली पर बड़ा आयोजन होता है। हजारों लोग यहां होली खेलने आते हैं।

राजस्थान की होली उदयपुर और पुष्कर में आज भी शाही तौर तरीकों से होली खेली जाती है। इस मौके पर राजपुताना आन बान शान देखने को मिलती है।

कई दूसरे एशियाई देशों में भी होली के प्रतिरूप रंगों का पर्व मनाया जाता है लेकिन भारतीय होली यकीनन आज भी अनूठी मस्ती से भरी है यह समाज को एक सूत्र में पिरो कर उमंग व उत्साह का संचार करती है।
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## चलो मनाएं होली...

लो आखिर खत्म हुआ इंतजार,
आ ही गया होली का त्यौहार।
अब सब दुख मिट जाएगा,
जब झूम उठेगा सारा संसार।

होली यानी रंगों का त्यौहार,
रंग ,अबीर और ढेर सारा गुलाल।
किसी के लिए पिचकारी,
तो किसी के लिए ढेर सारा प्यार।

पर जाने क्यों दिल है उदास,
शायद अब पहले जैसी रही नहीं बात।
कुछ हम बदले हैं, कुछ बदले हैं हालात,
अब रंग भी लगते हैं उदास।

ऐसा नहीं कि रंगों से प्रीत नहीं,
बस कुछ छूटा है जो ठीक नहीं।
बदलाव तो प्रकृति का नियम है,
पर यह बदलाव कुछ ठीक नहीं।

छूट गया अब बचपन,
नहीं रही अब वो बात।
सुबह क्या, शाम क्या,
वो गुलाल उड़ाना दिन-रात।

करते थे बेसब्री से,
हम होली का इंतजार।
गुब्बारे, पानी, रंग और,
पिचकारी खरीदते थे हजार।

अब तो बस नाम है,
कहाँ रहा कोई त्यौहार।
बस रस्म निभाने को ,लगा लेते हैं थोड़ा गुलाल,
लो हो गया त्यौहार...
क्या यही होली है?

चलो मनाएं होली एक नए तरीके से,
भुलाकर सारे गिले-शिकवे,
मिटा दें दर्द अब सीने से।
जो रूठ गए हैं उन्हें मना लें सलीके से,
चलो मनाएं होली अब नए तरीके से।

**मिताली ममता शर्मा**

# आखिर खेलने कूदने की उम्र में मासूम क्यो हो रहे हिंसक

मनस्वी वाणी, संवाददाता
गाजियाबाद। सोशल मीडिया का अधिक चलन भी कहीं ना कहीं मासूम बच्चों को खेलने कूदने की उम्र में मासूम खेलने कूदते थे। आजकल हिंसक होने का कार्य करते है। अब सोशल मीडिया के बाद हिंसक होते हुए नजर रहे हैं । हालांकि इस तरह के मामला सामने आया जब एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को शिकायत पत्र दिया गया और आरोप है कि उसके एक 12 वर्षीय बच्चे को उसके ही हमउम्र बच्चों ने घर के बाहर मारपीट की और फिर स्कूल में भी उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पीड़ित पिता द्वारा शिकायती पत्र देने के उपरांत पुलिस से गुहार भी लगाई गई की बच्चों को हिदायत और




परिवार को भी हिदायत देने का कार्य करें। जिससे कि बच्चों में बढ़ रही हिंसक परवर्ती जैसे मामलों में कमी आ सके। शिकायत पत्र के अनुसार आरोप है कि
प्रार्थी अपने परिवार के साथ मसूरी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में निवास करता है। प्रार्थी का 12 वर्षीय मासूम पुत्र है। कालोनी के कुछ अपराधिक सोच रखने वाले लड़के बहुत दिनों से प्रार्थी के पुत्र से पैसे मांगते व ना देने पर जान से मारने की धमकी देते जिसके डर से प्रार्थी का पुत्र अपने घर से कुछ खाने के बहाने पैसे लेकर उनको दे देता था 27-02-2026 को भी प्रार्थी के पुत्र से उन लड़को ने पैसे मांगे लेकिन प्रार्थी के पुत्र ने उनको पैसे नहीं दिये तो वो सभी लड़के प्रार्थी के घर पर प्रार्थी के पुत्र को मारने व पीटने की फिराक प्रार्थी के घर की तरफ जैसे ही आये । उनको 27-02-2026 को शाम 7:29 पर प्रार्थी का पुत्र घर के आगे टहलता हुआ मिला। अचानक से कालोनी के ही रहने वाले वही सब शरारती और खुदको दबंग साबित करने वाले अपराधिक सोच रखने वाले चार पांच लड़के आये और प्रार्थी के लड़के के साथ गाली गलोच करने लगे व गाली देते हुए थप्पड़ घूंसे मारने शुरू कर दिये। कुछ देर बाद प्रार्थी के लड़के को दुसरी तरफ ले जाकर बेल्ट से मारा। दो बच्चों ने चाकू निकाल कर जान से मारने की कोशिश व चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।




किसी तरह प्रार्थी का पुत्र अपने आप को छुड़ाकर वहां से भाग कर अपने घर के अन्दर आ गया। इस पूरी घटना की सीसीटीवी वीडियो भी मौजूद है। मासूम बहुत डरा सहमा हुआ है। और दहशत में है जिसकी वजह से वह घर से बाहर निकलने में भी डर रहा है।

## ग्रहण काल में अशौच विचार और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सावधानियां

मनस्वी वाणी

# बनी हुई खाद्य सामग्री में तुलसीदल या कुशा डालकर रखें

जब किसी बालक का जन्म होता है उसे समय परिवार में सूतक लग जाता है। उस अवधि को सूतककाल कहते हैं, वह अपवित्र अवस्था होती है। सूतक के समय घर में कोई भी धार्मिक आयोजन नहीं होते हैं।

उसी प्रकार ग्रहण के समय भी एक अस्थायी अशौच अथवा अपवित्रता मानी गई है। इसके प्रमुख कारण और ग्रंथाधार इस प्रकार समझे जाते हैंः

सूर्य अथवा चंद्र ग्रहण में राहु और केतु की विशेषकर भूमिका होती है । जिससे राहु अथवा केतु ग्रास की संकल्पना उत्पन्न होती है ।

ग्रह अथवा दैविक स्पर्श से अशौच उत्पन्न होता है।

पुराणों में ग्रहण को राहु द्वारा सूर्य,चन्द्र का ग्रास बताया गया है। इस ह्लग्रासह्व को अशुभ स्पर्श माना गया, इसलिए उस अवधि को अशौच तुल्य समझा गया।

स्कन्द पुराण में ग्रहण को दैवी-उपद्रव का काल कहा गया है, जिसमें शुद्धि-संयम का विधान है।

गरुड़ पुराण में ग्रहणकाल में जप-स्नानादि से शुद्धि का निर्देश मिलता है।

भावार्थः जैसे जन्म के समय सूतककाल में शुद्धि-विधान होते हैं, वैसे ही ग्रहण में भी विशेष शुद्धि-विधान बताए गए।

ग्रहण काल की अवधि में असामान्य प्राकृतिक स्थिति उत्पन्न होती है।

उसे असामान्य प्राकृतिक अवस्था में स्वस्थ व्यक्ति को भोजन करना भी शुभ नहीं माना गया है।

यदि घर में बना हुआ भोजन रखा हुआ है उसमें तुलसी दल अथवा कुशा रख देना चाहिए ताकि ग्रहण की नकारात्मकता उनको स्पर्श ना करें।

धर्मसिन्धु तथा निर्णयसिन्धु में ग्रहण को विशेष सावधानी और शुद्धि का समय बताया गया है—भोजन-वर्जन, जप, तथा ग्रहणोपरांत स्नान का विधान इसी कारण है।

भावार्थः जब प्रकृति का नियमित प्रकाश-चक्र बाधित हो, तब सामान्य क्रियाएँ स्थगित कर संयम रखा जाए,यह ह्लसूतककाल-सदृशह्व दृष्टि है।

शास्त्रों में ग्रहण को अत्यंत फलप्रद काल कहा गया है।जप-दान का फल अनेक गुना, और अशुभ कर्म का दुष्फल भी तीव्र होता है।

सूतककाल (जन्म के बाद) और ग्रहण दोनों में कुछ समयावधि तक भोजन-वर्जन,विशिष्ट कर्मों का त्याग,

समाप्ति पर स्नान-शुद्धि करने का विधान है।

इन समान विधानों के कारण ग्रहण-अवधि को भी ह्लसूतककालह्व कहा गया।

*गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सावधानियां*

धर्मग्रंथों में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष संरक्षण का निर्देश है—आघात, श्रम, छेदन-कर्म से बचाव ।

तात्पर्य यह है कि ग्रहण काल की अवधि में ग्रहण स्पर्श से और ग्रहण समाप्ति (मोक्ष काल) तक गर्भवती महिला को चाकू, छुरी से सब्जी, फल काटना ,सुई से कपड़े सिलना अथवा कैंची से वस्त्र काटना ये कर्म शास्त्रीय और वैज्ञानिक रूप से अशुभ माने गए हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। ग्रहण काल में गर्भवती महिलाओं को जागरूक और सक्रिय रहना चाहिए।

1.घर से बाहर न निकलें।
2.आंखों से सूर्य ग्रहण अथवा चंद्र ग्रहण ना देखें।
3.घर में घूमते टहलते रहे।
4.थोड़ी बहुत देर बैठ करके भगवान का भजन, पूजन करें। मंत्र जाप करें अथवा रामायण ,महाभारत ,गीता आदि ग्रंथों का अध्ययन करें।
5.आलसी भाव त्यागें और अधिक लंबे समय तक बिस्तर पर आराम ना करें।

ग्रहण काल में उपरोक्त सावधानियां प्रत्यक्ष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत ही लाभकारी रहती है। उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए अच्छी रहती है। इसके विपरीत आचरण करने से गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भस्थ शिशु पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।कई बार अध्ययन के दौरान भी देखने को मिला है।



**पं. शिवकुमार शर्मा,**
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु कन्सलटैंट
गाजियाबाद

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक शिल्पी सिंघल द्वारा मैसर्स सांई प्रिंटिंग प्रेस, डी. 85 सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर एफ.एफ.-47, देविका चैंबर, आरडीसी राजनगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया। संपादक शिल्पी सिंघल, कार्यकारी संपादक : संदीप सिंघल, मोबाईल नंबर: 9311450661
फोन न. 0120-4129662, 9311450661 डाक पंजीयन संख्या : UP/GBD-234/2024-25 , किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद के न्यायालय में ही होगा Email:-manasvivani@gmail.com website : www.manasvivani.com

# शहर में विभिन्न संगठनों ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह







मनस्वी वाणी ब्यूरो

**हापुड़।** विभिन्न संगठनों का होली मिलन समारोह कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला जारी है।

एलाइंस क्लब क्रिस्टल हापुड़ ने होली मिलन समारोह जिमखाना क्लब में हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्लब के परिवारों ने एक दूसरे को होली के पावन पर्व की गुलाल लगाकर बधाईया दी।

क्लब के अध्यक्ष रवि मोहन गर्ग ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्यार को बढ़ाने और बेर भाव को मिटाने का त्योहार है। क्लब के सेकेट्री योगेन्द्र अग्रवाल मोनू ने कहा क्लब सनातन धर्म के सभी त्योहारों को परिवार सहित आयोजन कर प्रेम भाव से मनाता है। कार्यक्रम में सभी साथियो ने परिवार सहित होली के भजन ओर गानों पर नृत्य कर एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। कोषाध्यक्ष कपिल अग्रवाल व चेयरमैन पंकज कंसल ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ओर महिलाओं ने विभिन्न खेलकर उपहार प्राप्त किए। पीआरओ सर्वेश गोयल ने बताया क्रिस्टल क्लब हर वर्ष होली, दीपावली, तीज उत्सव एवं सामाजिक कार्यो में आगे बढ़कर सेवा कार्य करता है। इस अवसर पर नवीन जैन, सचिन अग्रवाल शालू, धीरज गर्ग, पुलकित जैन, मनीष गोयल, भगवंत गोयल, गौरव, राजेश वर्मा, राहुल गुप्ता, सौरभ गोयल, राहुल जैन, मुकेश अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, रश्मि गर्ग, शालनी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पूजा जैन, पूनम वर्मा आदि मौजूद थी। हापुड़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.) के जिलाध्यक्ष दिनेश त्यागी की अध्यक्षता में मिलन पार्टी हॉल में भारतीय संस्कृति के पर्व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला औषधि निरीक्षक हेमेंद्र चौधरी का सभी दवा विक्रेताओं ने पुष्पगुच्छ व चंदन टीका लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी दवा विक्रेता नियमों के अनुरूप ही दवा की बिक्री करे। जिलाध्यक्ष दिनेश त्यागी ने कहा कि सभी दवा विक्रेता सरकार की गाइड लाइन का पालन करते आ रहे है। आगे भी करेंगे। महामंत्री विकास गर्ग नें ऑनलाइन दवा बिक्री से उत्पन्न समस्या से अवगत कराया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन व गुलाल लगाकर एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लेकर होली के सांस्कृतिक पर्व को पूरे हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर विनीत जिंदल, संजय त्यागी, अरुण गोयल, साधु सिंह, दीपक त्यागी, संजय कुमार अग्रवाल, गौरव गर्ग, अजय सोढ़ा, राजीव डंग, निशांत शर्मा, ललित जिंदल, संजीव कुमार, दीपेश कुमार, अमित शर्मा, नीरज डाबरा, सुशील शर्मा, बॉबी त्यागी, पार्थ गर्ग, शैलेंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सचिन गोयल, अरुण कुमार, अरुण सचदेवा, संजीव गर्ग, इकबाल सिंह, पीयूष कुमार, अमित गोयल, पवन पाल, अनिल गोपाल गोयल (भैरों), हरिओम चुग, अमरीष कुमार, कुणाल गुडलक, पवन गोयल, अनिल रुहेला, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद हापुड़ के द्वारा एमडी पैलेस मोदीनगर रोड पर होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विजय कुमार त्यागी ने बताया कि होली पर्व के बारे में बताया और जीवन में रंगों का क्या महत्व है और रंगों के द्वारा कैसे एकता और भाईचारे का परिचय दिया जाए यह बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक कश्यप, कोषाध्यक्ष संजय सक्सेना, अरुण सिसौदिया, मोहर सिंह, आदर्श गोयल ,संदीप कुमार, नीरज चौधरी, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र सिसौदिया, दीपक अग्रवाल, गिरीश शर्मा, कुशवीर सिंह, सतीश कुमार, अखिलेश शर्मा, ललित, प्रदीप तेवतिया, रीता भाटी, ज्योति चौधरी, सुमन लता, उषा, रितु गोयल, नवीन त्यागी, हरेंद्र, गोलू प्रधान, उमेश त्यागी, दिव्यांश त्यागी, संदीप त्यागी, मुकेश कुमार, प्रवेश, अजय गौतम, दिनेश, मुकेश शर्मा, कैलाश, मनवीर, अखिलेश शर्मा, आस मोहम्मद, योगेश सैनी आदि मौजूद थे।

## ग्राम लुखराड़ा फायरिंग के मामले में 9 गिरफ्तार

मनस्वी वाणी ब्यूरो

हापुड़ । थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ग्राम लुखराड़ा में हवाई फायरिंग के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम आकाश पुत्र प्रवीन उर्फ पवन (ग्राम लुखराड़ा), विकास उर्फ साहिल पुत्र गुलाब (ग्राम लुखराड़ा), शिवम शर्मा पुत्र नरेश शर्मा (ग्राम नूरपुर), करन पुत्र जसवन्त (ग्राम नूरपुर), प्रशान्त पुत्र सुधीर उर्फ बुद्धपाल (ग्राम नूरपुर), लक्की पुत्र उदयवीर (ग्राम नूरपुर), रमान उर्फ हप्पन पुत्र कलवा उर्फ युनूस (ग्राम नूरपुर), संटू पुत्र अशोक (ग्राम नूरपुर) और सनी पुत्र लाखन (ग्राम नूरपुर) हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार कुछ आरोपियों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

## संजय अग्रवाल को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी



मनस्वी वाणी ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक लिपिक के पद पर तैनात रहे संजय अग्रवाल के सेवानिवृत होने पर प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्राधिकरण कार्यालय में जोर-जोर से किया विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की।

कार्यक्रम में प्रभारी सचिव अमित कादियान ने संजय अग्रवाल को गीता स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके दीघार्यु होने की कामना की। इसके अलावा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने संजय अग्रवाल को माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर एफसी पंकज कुमार चतुवेर्दी, अधिशासी अभियंता तेजवीर सिंह, एई राजवीर सिंह, कमल थापर, ऋषि कुमार शर्मा समेत काफी लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण को नियंत्रित करने के लिए सख्ती बरते अधिकारी: डीएम

मनस्वी वाणी ब्यूरो



**हापुड़।** जिला पर्यावरण/वृक्षारोपण समिति/वन बंदोबस्त और जिला गंगा समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागारह्ल में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने प्लास्टिक वेस्ट का निस्तारण पर्यावरण संरक्षण के तहत करे। सीडीओ हिमांशु गौतम ने डोर टू डोर कूड़ा संग्रह तथा निस्तारण बेहतर करने के लिए निर्देश दिए।

गंगा समिति की बैठक में डीएम छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प हेतु काली नदी का चयन करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वृक्षारोपण की समीक्षा के दौरान पौधों की मॉनिटरिंग अच्छी तरह से करने के निर्देश दिए। आगामी वृक्षारोपण के लक्ष्य के लिए जमीन चिंहित करने के लिए निर्देश दिए।

डीएफओ अर्शी मलिक, डीडीओ अनवर शेख, अपर सांख्यिकी अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, पर्यावरण विद् भारत भूषण गर्ग, मूलचन्द आर्य समेत सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पदोन्नति : प्रशांत कुमार बने जेलर

मनस्वी वाणी ब्यूरो



**बागपत।** जिला जेल मे कार्यरत डिप्टी जेलर प्रशांत कुमार को शासन ने पदोन्नति प्रदान करते हुए जेलर नियुक्त किया है। उनकी पदोन्नति की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन एवं सहकर्मियो मे खुशी का माहौल है। और सभी ने उन्हे बधाई देकर उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाए दी।अब्दुलपुर गांव के जंगल क्षेत्र स्थित जिला कारागार मे तैनात प्रशांत कुमार लंबे समय से डिप्टी जेलर के रूप मे अपनी जिम्मेदारियो का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे थे। प्रशांत कुमार अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और जेल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जाने जाते है। वर्षो की उनकी समर्पित सेवा और कार्यनिष्ठा को देखते हुए शासन ने उन्हे पदोन्नत करने का निर्णय लिया। संयुक्त सचिव सूर्य प्रकाश मिश्रा द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रशांत कुमार को जेलर पद पर पदोन्नत करते हुए उनकी तैनाती यथावत बागपत जिला कारागार मे ही बनाए रखी गई है। सहकर्मियो ने इसे उनकी मेहनत, ईमानदारी और प्रशासनिक क्षमता का सम्मान बताते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ आगे भी कारागार व्यवस्था को मिलता रहेगा।

## रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के डायलिसिस सैन्टर का किया उद्घाटन

मनस्वी वाणी संवाददाता




**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा अपने सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत डायलिसिस सैन्टर का उद्घाटन किया गया और इसे होपगिवर्स ब्राइट विजन फाउन्डेशन द्वारा संचालित तिरूपति हॉस्पीटल को सुपुर्द किया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट 3012 की गवर्नर डा0 अमिता मोहिन्द्रू तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर फेरोलाइट जॉइंटिग्स लि0, तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रो0 अमित गुप्ता थे । इस अवसर पर सी.एस.आर. प्रोजेक्ट प्रमोटर एवं क्लब सदस्य पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा0 सुभाष जैन ने बताया कि हमारे क्षेत्र में क्रॉनिक किडनी रोग तेजी से बढ़ रहा है और सीमित उपलब्धता और इलाज के मंहगे खर्चे के कारण कई मरीजों को समय पर डायलिसिस कराने में काफी कठिनाईयाँ होती है । इस तत्काल स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे क्लब ने सी.एस.आर. कम्पनी फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लि0 के सहयोग से गाजियाबाद के तिरूपति हॉस्पीटल में डायलिसिस सेवाएं शुरू की हैं, ताकि गाजियाबाद के वंचित मरीजों को रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण डायलिसिस सेंवाऐं प्रदान की जा सकें। इस सी.एस.आर. परियोजना की कुल लागत लगभग 30 लाख रुपए हैं । डा0 सुभाष जैन ने उदार योगदान और समर्थन के लिए सी.एस.आर. कम्पनी फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक तथा स्मार्ट सिटी के सदस्यों को धन्यवाद व्यक्त किया ।



## फूलों की होली के बीच नागरिक सुरक्षा की भी चर्चा

**गाजियाबाद(मनस्वी वाणी)।** सिविल डिफेंस के कलेक्ट्रेट प्रभाग की पोस्ट 9 की ओर से आरडीसी स्थित एक संस्थान में मासिक के बैठक के पश्चात चंदन का तिलक लगा कर फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर कलेक्ट्रेट प्रभाग के डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार ने कहा कि होली के अवसर पर हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि यह पर्व हर्षोल्लास तथा शांतिपूर्वक मनाया जाए । कहीं भी किसी भी प्रकार का कोई विवाद न हो। उन्होंने आग्रह किया कि सभी पोस्टों पर ज्यादा से ज्यादा भर्ती कराई जाए ताकि हमारी शक्ति और कार्यक्षमता में भी वृद्धि हो सके। इस मौके पर पोस्ट वार्डन रमाकांत यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रिवरा ग्रीन फार्म हाउस में भव्य होली मिलन समारोह, पांच जिलों से पहुंचे समाज के लोग

मनस्वी वाणी, संवाददाता



**गाजियाबाद।** दक्ष प्रजापति सेवा समिति द्वारा रविवार को रिवरा ग्रीन फार्म हाउस, इन्द्रगढ़ी में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पांच जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर रंगों के पर्व को उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंजू प्रजापति, सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री उपस्थित रहे। इसके अलावा श्री बी.के. शर्मा हनुमान जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव देवी सहाय प्रजापति द्वारा किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पांच जिलों से आए प्रजापति समाज के लोगों काा स्वागत किया। समारोह के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. राकेश प्रजापति, डॉ. सुभाष तोमर, रविंद्र कुमार प्रजापति, धूल सिंह प्रजापति, हरवीर प्रजापति एवं जितेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष ललित प्रजापति, ऑडिटर रवीश प्रजापति, मीडिया प्रभारी संस्थापक मूलचंद प्रजापति, कांति प्रजापति, राज सिंह प्रजापति, क्षेत्रीय सचिव सुरेंद्र कुमार प्रजापति सहित सुनीत प्रजापति, ओमवीर प्रजापति, सुनील प्रजापति, दीपक प्रजापति, सचिन, गजेंद्र प्रजापति एवं चेतन प्रजापति कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विक्की शर्मा, भरत लाल शर्मा को पदों व जिला कमेटी से निष्कासित किया: जिलाध्यक्ष

### वहीं निष्कासित पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष व शहराध्यक्ष पर भी लगाए आरोप

मनस्वी वाणी ब्यूरो




**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस की जिला कमेटी के जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा व जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा के उनके पदों तथा जिला कांग्रेसी कमेटी से निष्कासित किया है। त्यागी ने कहा कि दोनों पदाधिकारी जिला कांग्रेस व शहर कांग्रेस के बीच मतभेद बढ़ाने का काम कर रहे थे। चेतावनी देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ। वहीं दोनों निष्कासित पदाधिकारियों ने कांग्रेस के शहराध्यक्ष व जिलाध्यक्ष पर भी आरोप लगाते हुए मामले की जानकारी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी को दी है।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर मीडिया से बातचीत करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा कह रहे है कि उन्हें यूजीसी का विरोध करने पर निष्कासित किया है।

यह पूरी तरह झूठ है कि उन्होंने कहा कि काफी कांग्रेस लोगों ने अपने समाज के साथ यूजीसी का विरोध किया। उससे उनका कोई लेना देना नहीं है। लेकिन वह सभी पार्टी के कार्यक्रमों में आ रहे है। पार्टी का कार्य कर रहे है। यदि ऐसा होता तो उन पर भी कार्रवाई होती। राकेश त्यागी ने कहा कि विक्की शर्मा व भरतलाल शर्मा काफी समय से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के प्रति मुझे गलत जानकारी दे रहे थे। जिससे शहर व जिला कमेटी में बिखराब हो जाए। जिसकी मुझे सच्चाई पता लग गई थी। इसके बाद दोनों पदाधिकारी 26 जनवरी, 30 जनवरी तथा मनरेगा के विरोध में निकाली रैली से नदारद रहे। इसके अलावा इन दोनों कहा कि अगर पार्टी के कार्यक्रमों में शहराध्यक्ष इरफान अहमद और एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेश भाटी आते हैं तो वे कार्यक्रम में नहीं आएंगे।इसी बात को अनुशासनहीनता में लेते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इन दोनों पदाधिकारी गणों के साथ कमेटी से निष्कासन की कार्यवाही की और कमेटी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा है कि अगर जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा का उनसे अगर कोई मतभेद भी हैं तो वह जाकर और उनसे मिलकर भी मतभेद सुलझा सकते थे। वहीं कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा ने बताया कि अभी हाल ही में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष भरत लाल शर्मा और पूर्व उपाध्यक्ष विक्की शर्मा को अनुशासनहीनता के चलते कमेटी से निष्कासित किया गया।

वहीं उन्होंने भी विक्की शर्म व भरतलाल शर्मा के द्वारा निष्कासन को लेकर जो बातें कही है वह सभी झूठी व गलत है। इस दौरान डॉ. वीसी शर्मा, अमरनाथ प्रधान, जिला महासचिव कपिल शर्मा, लाल बहादुर, मोहम्मद नफीस, चौधरी पंकज शर्मा, निखिल वत्स, राहुल शर्मा, प्रवीन शर्मा, संजय छाबड़ा, बॉबी त्यागी, सीमा शर्मा, वाई के शर्मा, खुशनूद अली, गोपाल भारती, महबूब अली आदि लोग मौजूद रहे। इधर, विक्की शर्मा व भरतलाल शर्मा ने कहा कि यूजीसी के विरोध करने पर उनका निष्कासन किया है। जबकि लखनऊ के अंदर यूजीसी के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजन में कांग्रेस के उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाग लिया। विक्की शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शहराध्यक्ष इरफान कुरैशी पूर्व औवेसी की पार्टी में थे और सभासद का चुनाव भी लड़ा था। ऐसे लोगों 25 साल पुराने कांग्रेसियों की कर्तव्यनिष्ठा पर सवाल कर रहे है। विक्की शर्मा व भरतलाल शर्मा ने कहा कि वह कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता है। पूरे मामले की जानकारी प्रदेश हाईकमान को दे दी है।

## एसबीएम स्कूल के छात्रों ने दिल्ली भ्रमण किया



मनस्वी वाणी ब्यूरो

**हापुड़।** मोदीनगर मार्ग स्थित सरस्वती बाल मंदिर के कक्षा 6 से 8 तक के 180 छात्रों ने दिल्ली पहुंचकर विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर शैक्षिक जानकारी हासिल की।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा व शिक्षकों के साथ छात्र सबसे पहले राष्ट्रपति भवन पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान व राष्ट्रपति संग्रहालय का भ्रमण किया। राष्ट्रपति भवन की विशाल व बुलंद इमारत भारत की समृद्धि व वैभव को प्रदर्शित कर रही थी। अमृत उद्यान में हजारों किस्म के पेड़-पौधे व फूल देखकर छात्र बहुत हर्षित व उत्साहित हुए राष्ट्रपति संग्रहालय अतीत की गौरव गाथा व वर्तमान की उपलब्धियों को सहेजे हुए था। तत्पश्चात सभी छात्र इंडिया गेट, अमर जवान ज्योति व राष्ट्रीय युद्ध स्मारक देखने पहुंचे। छात्रों को जानकारी दी गई कि इंडिया गेट प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया है।

# फ्लावर शो एवं चटकारे का भव्य समापन

## हजारों दर्शकों ने लिया प्रकृति और व्यंजनों का आनंद









**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

गाजियाबाद। लैण्डक्राफ्ट डवलपर्स प्रा०लि० द्वारा हॉर्टिकल्चर एण्ड फ्लोरिकल्चर सोसायटीज गाजियाबाद के सहयोग से आयोजित फ्लावर शो एवं चटकारे का अंतिम दिन उत्साह, रंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल (आईएएस), डीसीपी सिटी धवल जायसवाल (आईपीएस), सहायक पुलिस आयुक्त श्री रितेश त्रिपाठी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

फ्लावर शो में चारों ओर विभिन्न प्रजातियों के फूलों और पौधों की आकर्षक प्रदर्शनी ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले पौधे, वायु प्रदूषण को शुद्ध करने वाले पौधे तथा औषधीय पौधों का प्रदर्शन लोगों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। फूलों से तैयार ऊँ सेल्फी प्वाइंट और स्टैचू आर्टिस्ट के साथ लोगों ने उत्साहपूर्वक फोटो खिंचवाए।

आयोजन के अंतर्गत ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 बच्चों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध वेंट्रिलोक्विस्ट कॉमेडियन अनिल द्वारा पपेट शो प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को खूब हंसाया। पैन्थर ग्रुप, दिल्ली तथा गाजियाबाद की विभिन्न डांस एकेडमियों के कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मंच संचालन पूनम शर्मा द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया।

चटकारे फूड फेस्टिवल में विभिन्न प्रसिद्ध व्यंजनों का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। अंतिम दिन हजारों की संख्या में लोगों ने मेले का भ्रमण किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए पार्किंग, सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया।आयोजन में ललित जायसवाल, राकेश गोयल, रमा त्यागी, रश्मि अग्रवाल, डी.के. शर्मा, निर्माश अग्रवाल, दिवाकर सिंघल, दिव्यांशु सिंघल और विकास जैन सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उपस्थित नागरिकों ने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए इसे शहर के लिए प्रेरणादायक और यादगार बताया।

# महरौली गांव में भाकियू टिकैत का किसान होली सम्मेलन आयोजित



**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी के आह्वान पर गांव महरौली में किसान होली सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनुज चौधरी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के किसानों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सम्मेलन में उपस्थित किसानों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे तथा एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर किसानों ने आपसी सहयोग, संगठन की मजबूती और किसान हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने सभी किसान भाइयों और क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हाउस टैक्स में वृद्धि के विरोध में उतरा उद्योग व्यापार मंडल

# 15 दिन में फैसला नहीं हुआ तो होगा जनजागरण अभियान




**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महानगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सोमवार को उडुपी कृष्णा रेस्टोरेंट में नगर निगम द्वारा की गई अत्यधिक हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने हाउस टैक्स में लगभग 300 प्रतिशत तक की वृद्धि को अव्यवहारिक और जनविरोधी बताते हुए इसे अधिकतम 10 से 20 प्रतिशत तक सीमित करने की मांग की।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन शहर के विकास के पक्ष में है और हाउस टैक्स वृद्धि के सिद्धांत का समर्थन करता है, लेकिन वर्तमान में की गई अत्यधिक वृद्धि आम नागरिकों और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाली है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मामले में हस्तक्षेप करने और वृद्धि को तर्कसंगत स्तर तक सीमित कराने की मांग की।

पदाधिकारियों ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में महापौर और सभासदों द्वारा वृद्धि को निरस्त किए जाने के बावजूद अधिकारियों द्वारा उसे लागू रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। उन्होंने नगर आयुक्त के तत्काल स्थानांतरण और हाउस टैक्स निर्धारण से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की भी मांग की।

व्यापार मंडल ने प्रशासन और सरकार को 15 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में हाउस टैक्स वृद्धि वापस नहीं ली गई तो संगठन व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगा। साथ ही, नागरिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की भी बात कही गई।

व्यापार मंडल ने पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नागरिक हित में आवाज उठाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन शहर के विकास के साथ-साथ नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस वार्ता में चेयरमैन ब्रिज मोहन सिंघल, वाइस चेयरमैन के.पी. गुप्ता, अध्यक्ष गोपी चंद, महामंत्री अशोक चावला, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन शर्मा सहित अनुराग गर्ग, संजय गर्ग, विकास अग्रवाल, राकेश बबेजा, संजीव मित्तल, सुनील गुप्ता, मनोज गर्ग, विपिन गोयल, पंकज गुप्ता, प्रदीप गर्ग, डॉ. हरीश शर्मा, सुरेश त्यागी, विजय ढींगरा, मुकेश शर्मा और अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हैप्पी मॉडल स्कूल में वार्षिकोत्सव उड़ान का भव्य आयोजन

## छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां




**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हैप्पी मॉडल स्कूल में वार्षिकोत्सव उड़ान का भव्य आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, नाटक एवं कविता पाठ जैसी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उमेश कुमार (एसएचओ, नंदग्राम) एवं विद्यालय के चेयरमैन प्रभाकर त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रभाकर त्यागी ने अपने संबोधन में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका चौधरी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम त्यागी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 6 की पार्षद श्रीमती सुनैना देवी एवं विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या श्रीमती दीप्ति ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सुमन पांडेय, प्रतिभा, संध्या चौहान, प्रवेश, तुषार गौतम सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




## स्वर्णकार समाज का सम्मेलन संपन्न, मिशन-2027 की रणनीति पर हुई चर्चा

# एकता के बिना प्रगति असंभव : प्रवीण चौधरी



**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आर्य समाज मंदिर में शनिवार को स्वर्णकार समाज का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें गाजियाबाद, लोनी, मोदीनगर, हापुड़ सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में फूलों की होली, गीत-संगीत और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

सम्मेलन में समाज के हितों, एकजुटता और आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर स्वर्णकार समाज की राजनीतिक भागीदारी मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज के संगठित होने और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए एकता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना एकजुट हुए किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है, इसलिए सभी को मिलकर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

सामाजिक कार्यकर्ता सचिन स्वर्णकार ने कहा कि समाज के लोगों को छोटे-छोटे समूह बनाकर जनहित के कार्य करने चाहिए, जिससे समाज मजबूत होगा। वहीं मधुबाला वर्मा ने महिलाओं से आगे आकर सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। गोल्डन क्लब के संस्थापक शेखर वर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने समाज के युवाओं और जागरूक लोगों से आगे आकर नेतृत्व करने और समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया। सम्मेलन में डॉ. विनोद वर्मा, सचिन स्वर्णकार, राजेश वर्मा, अमित वर्मा, संदीप वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज की एकता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ड्यूटी के दौरान टीएसआई बाबू सिंह का निधन

## ईमानदार पुलिसिंग के लिए जाने जाते थे टीएसआई

**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस को उस समय बड़ा आघात लगा, जब यातायात शाखा में तैनात 50 वर्षीय उपनिरीक्षक बाबू सिंह का ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के अनुसार बाबू सिंह शनिवार को ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात थे। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों ने तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

बताया जा रहा है कि बाबू सिंह लंबे समय से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे और अपनी कर्मठता व ईमानदारी के लिए जाने जाते थे। सहकर्मियों ने उन्हें अनुशासित और मिलनसार अधिकारी बताया। पुलिस विभाग ने एक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी को खो दिया है। विभागीय स्तर पर रविवार को अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया गया।उनके निधन से पुलिसकर्मियों व परिचितों में गहरा दुख है।

**मुस्तैदी**

## होली के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के आदेश पर कमिश्नरेट में पैदल मार्च

# डीसीपी, एसीपी पुलिस बल के साथ सड़क पर उतरे





- *नगर जोन में ताबड़तोड़ पैदल मार्च के बाद चेकिंग अभियान*
- *आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत*



**मनस्वी वाणी, संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के आदेश पर आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए समस्त कमिश्नरेट में डीसीपी से लेकर एसीपी और थाना प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी तक सड़क पर उतरकर पैदल मार्च करते हुए नजर आए । हालांकि इस बीच डीसीपी और एसीपी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च के साथ-साथ चेकिंग अभियान भी करते हुए नजर आए हैं। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है की होली के पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ और एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरण नैय्यर के आदेश पर डीसीपी नगर धवल जायसवाल, डीसीपी निमिष पाटिल, डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी और डीसीपी त्रिगुण बिसेन सिंह के नेतृत्व में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी जियाउद्दीन अहमद, एसीपी उपासना पांडे, एसीपी भास्कर वर्मा, एसीपी सिद्धार्थ गौतम, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी सूर्यबली मौर्य सहित तमाम एसीपी लेवल के अधिकारी थाना प्रभारी के साथ त्योहारों को ध्यान में रखते हुए समस्त थाना क्षेत्र में पैदल गस्त करने के साथ-साथ वाहनों की चेकिंग करते हुए भी नजर आए हैं। हालांकि चेकिंग अभियान के दौरान असामाजिक तत्व किस्म के लोगों को कड़े निर्देश भी देने का कार्य किया कि अगर किसी भी तरह का त्यौहार में खलल डालने का प्रयास किया तो उनकी जगह जेल में होगी।